# दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र


मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 91 मुरादाबाद 26 July 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## द्रौपदी मुर्मू ने ली शपथ, बोलीं- आजाद भारत में जन्मी मैं पहली राष्ट्रपति, आदिवासी देख सकते हैं अपना प्रतिबिंब



द्रौपदी मुर्मू ने देश की पहली महिला आदिवासी के तौर पर राष्ट्रपति पद की शपथ ले ली है। चीफ जस्टिस एनवी रमना ने उन्हें शपथ दिलवाई। इस दौरान द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा कि मेरे लिए महिलाओं के हित सर्वोपरि होंगे। इसके साथ ही दलितों, पिछड़ों और गरीबों के हितों के लिए भी काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की शक्ति ने मुझे यहां तक पहुंचाया। देश के गरीब आदिवासी, दलित और पिछड़े मुझमें अपना प्रतिबिंब देख सकते हैं। मेरे इस निर्वाचन में पुरानी लीक से हटकर आज के दौर में आगे बढ़ने वाले युवाओं का भी योगदान शामिल हैं। द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मैं देश की ऐसी पहली राष्ट्रपति भी हूँ जिसका जन्म आज़ाद भारत में हुआ है। द्रौपदी मुर्मू ने कहा, %आज मैं खुद को भारत का नेतृत्व करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। मैं आज देश की महिलाओं और युवाओं को याद दिलाती हूं कि मेरे लिए उनके हित सर्वोपरि हैं। मेरे सामने राष्ट्रपति पद की ऐसी महान विरासत है, जिसने दुनिया में भारत के लोकतंत्र की प्रतिष्ठा को मजबूत किया है। संविधान के आलोक में मैं पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्य का निर्वहन करूंगी। मेरे लिए लोकतांत्रिक आदर्श और समस्त देशवासी ऊर्जा का स्रोत रहेंगे।% उन्होंने इस दौरान कारगिल विजय दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं। देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति बनीं द्रौपदी मुर्मू ने इस मौके पर पंडित जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल, भीमराव आंबेडकर, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और महात्मा गांधी का भी जिक्र किया। यही नहीं रानी लक्ष्मीबाई समेत कई महिला शासकों का भी उन्होंने जिक्र किया। उन्होंने आदिवासियों की विरासत याद दिलाते हुए कहा कि कोल क्रांति, भील क्रांति समेत कई ऐसे आंदोलन रहे हैं, जिनका नेतृत्व आदिवासियों ने किया और इससे देश की आजादी का संघर्ष मजबूत हुआ। आजादी की लड़ाई में जनजातीय समुदाय के योगदान को समर्पित म्यूजियम बनवाया जा रहा है। एक संसदीय लोकतंत्र के रूप में भारत ने पूरी मजबूती के साथ कदम आगे बढ़ाए हैं।

### जी-20 सम्मेलन का जिक्र कर बोलीं- देश की बढ़ रही है साख

उन्होंने हम एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण की ओर बढ़ रहे हैं। आजादी के 75वें वर्ष के अवसर पर अमृत काल में हमें नया अध्यायों को जोड़ना है। कोरोना महामारी का सामना करने में भारत ने सामर्थ्य दिखाया है, उससे दुनिया में साख बढ़ी है। हम हिंदुस्तानियों ने अपने सामर्थ्य से इस चुनौती का सामना किया और दुनिया के सामने नए मानदंड स्थापित किए। द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि देश में जी-20 सम्मेलन होने जा रहा है, जिससे निश्चित तौर पर दुनिया के लिए अहम संदेश निकलेगा। उन्होंने कहा कि मैं आदिवासी परंपरा से आती हूं, जिसमें पर्यावरण का संरक्षण अहम होता है।


### कहा- अपना नहीं जगत का कल्याण है जरूरी

द्रौपदी मुर्मू ने कहा, मैंने अपने अब तक के जीवन में जन-सेवा में ही जीवन की सार्थकता को अनुभव किया है। जगन्नाथ क्षेत्र के एक प्रख्यात कवि भीम भोई जी की कविता की एक पंक्ति है, %मो जीवन पछे नर्के पड़ी थाउ, जगत उद्धार हेउ%। अर्थात, अपने जीवन के हित-अहित से बड़ा जगत कल्याण के लिए कार्य करना होता है। उन्होंने कहा मेरा जन्म तो उस जनजातीय परंपरा में हुआ है, जिसने हजारों वर्षों से प्रकृति के साथ ताल-मेल बनाकर जीवन को आगे बढ़ाया है। मैंने जंगल और जलाशयों के महत्व को अपने जीवन में महसूस किया है। हम प्रकृति से जरूरी संसाधन लेते हैं और उतनी ही श्रद्धा से प्रकृति की सेवा भी करते हैं।

### अटल बिहारी वाजपेयी की पंक्तियां भी दोहराईं

देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति ने कहा कि मैं अपने देश के युवाओं से कहना चाहती हूं कि आप न केवल अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं बल्कि भविष्य के भारत की नींव भी रख रहे हैं। देश के राष्ट्रपति के तौर पर मेरा हमेशा आपको पूरा सहयोग रहेगा। मैंने देश के युवाओं के उत्साह और आत्मबल को करीब से देखा है। हम सभी के श्रद्धेय अटल जी कहा करते थे कि देश के युवा जब आगे बढ़ते हैं तो वे सिर्फ अपना ही भाग्य नहीं बनाते बल्कि देश का भी भाग्य बनाते हैं। आज हम इसे सच होते देख रहे हैं।

## सीएम योगी ने हेलीकॉप्टर से की कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा, कांवड़ रूट का किया निरीक्षण



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सावन के दूसरे सोमवार पर हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की। इस दौरान कांवड़ रूट का सीएम योगी ने निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री योगी का हेलीकॉप्टर हरिद्वार हाइवे से मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा होते हुए चौक के ऊपर से गुजरा। मेरठ के सिवाया टोल प्लाजा, औघड़नाथ मंदिर पर फूलों की वर्षा करते हुए हेलीकॉप्टर एनसीआर की तरफ निकल गया। इस दौरान सीएम योगी ने बागपत के पुरा महादेव का भी किया निरीक्षण किया। आसमान से पुष्पों को गिरते देख शिवभक्तों ने हाथ हिलाकर अभिवादन भी किया। मुजफ्फरनगर के खतौली बाईपास पर शिवभक्तों पर फूलों की बारिश की गई। पूरे क्षेत्र में पु?प वर्षा के दौरान अलग की नजारा दिखा। सोमवार को दिल्ली की दो दिवसीय यात्रा से वापसी के दौरान मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा का जायजा लिया और कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा भी की। योगी ने पूर्व में ही प्रशासनिक अधिकारियों को हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करने और कांवड़ यात्रा की निगरानी करने के निर्देश दिए थे। कोरोना महामारी के बाद यह पहला मौका है, जब प्रदेश में कांवड़ यात्रा आयोजित की जा रही है। सड़कों पर शिव भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। कहीं विशाल झांकियां निकाली जा रही हैं तो कहीं योगी-मोदी के मुखौटे पहने कांवड़िए मार्गों से गुजर रहे हैं। शिव भक्तों के स्वागत के लिए सजा शहरों का मुख्य मार्ग रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा रहा है। जगह-जगह कांवड़ सेवा शिविर स्थापित किए गए हैं।योगी ने 18 जुलाई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जिलों में तैनात वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करते हुए निर्देश दिया था कि कांवड़ यात्रा मार्ग में जगह-जगह स्वास्थ्य चौकियां स्थापित की जाएं और किसी की भी तरह की धार्मिक यात्रा या जुलूस में अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा था कि गाजियाबाद-हरिद्वार मार्ग कांवड़ यात्रा की दृष्टि से सर्वाधिक व्यस्त रहता है और यहां दूसरे राज्यों के श्रद्धालु भी आते हैं, इसलिए सीमावर्ती राज्यों से भी संवाद बनाए रखें। उन्होंने किसी भी तरह की अप्रिय सूचना मिलने पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षकों को खुद मौके पर जाने के निर्देश दिए थे।

## बिजनौर: कांवड़ यात्रा के बीच यूपी को अशांत करने की साजिश, भगवा साफा पहन मजारों में की तोड़फोड़



कांवड़ यात्रा के दौरान यूपी के बिजनौर में गड़बड़ी फैलाने की साजिश सामने आई है। पुलिस ने दो मुस्लिम युवकों को गिरफ्तार किया है जिन पर भगवा साफा पहन मजार में तोड़फोड़ करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार दोनों युवक आपस में भाई हैं। इनके नाम मोहम्मद कामिल और मोहम्मद आदिल बताए जा रहे हैं। यूपी के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार ने दो युवकों के पकड़े जाने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि दोनों से पूछताछ की जा रही है। यूपी एटीएस भी मामले की छानबीन कर रही है। गौरतलब है कि इन दिनों कांवड़ यात्रा चल रही है। दोनों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस कांवड़ यात्रा को लेकर और सतर्क हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार मामले की जांच के लिए पुलिस के आला अफसर बिजनौर के शेरकोट पहुंच रहे हैं। जल्द ही लखनऊ से एटीएस की टीम भी बिजनौर पहुंच सकती है।

### शेरकोट और घोसियावाल में हुई घटना

बिजनौर के शेरकोट थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग स्थानों पर मजारों में लगभग थोड़े थोड़े समय अंतराल में तोड़फोड़ हुई। बताया जा रहा है कि जो युवक घटना को अंजाम दे रहे थे उनमें से एक को ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ लिया और बाद में मौके पर पहुंची पुलिस उसे पकड़ कर थाने ले गई। एएसपी पूर्वी के अनुसार दोनों युवक आपस में भाई हैं। आरोपी शेरकोट के मोहल्ला कायस्थान के रहने वाले हैं। दरअसल ये मामला शेरकोट में रविवार शाम करीब साढ़े पांच बजे हुआ। मौके पर जब ग्रामीण पहुंचे तो एक युवक बाइक पर बैठकर फरार हो गया, जबकि ग्रामीणों ने एक को रंगे हाथों पकड़ लिया।

# मंडी के कांटो पर किसानों को नहीं भरोसा




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मंडी समिति में अनाज की तौल के लिए लगे कांटों पर किसानों को भरोसा नहीं है। किसान मंडी के कांटों पर तौल करवाने के बजाए बाहर रुपये देकर अपने अनाज की तौल करा रहे हैं। इससे अलीगंज और मैनपुरी मार्ग दिन भर बाधित रहता है। पिछले दो सप्ताह से मंडी समिति में मूंगफली और मक्का की आवक हो रही है। हर रोज पांच सौ से अधिक किसान मूंगफली और मक्का लेकर पहुंच रहे हैं। मंडी कर्मचारियों के अनुसार हर रोज मंडी में आठ से दस क्विंटल मूंगफली की मंडी में आढ़तिया खरीद कर रहे हैं। वहीं मक्का भी बड़ी संख्या में पहुंच रही है। बावजूद इसके मंडी समिति में लगे दोनों कांटों पर सन्नाटा है। इन कांटों पर अक्सर कर्मचारी भी नहीं मिलते हैं। मंडी समिति के बाहर लगे कांटों पर किसान मक्का व मूंगफली की तौल करा रहा है, जहां उसे तौल के बदले मैक्स गाड़ी के 40 रुपये, ट्रैक्टर के 60, डीसीएम 100 और ट्रक के 160 रुपये भी चुकाने पड़ रहे हैं। जबकि यही तौल मंडी समिति के कांटों पर निशुल्क होती है। लेकिन किसानों का मानना है कि मंडी के कांटे ठीक नहीं है। उनकी तौल और बाहर के कांटों की तौल में काफी अंतर आता है। मंडी समिति के जिम्मेदार किसानों के भ्रम को दूर नहीं कर पा रहे हैं, हालांकि वह कांटे पूरी तरह से ठीक होने का दावा जरूर कर रहे हैं। बोले किसान, मंडी के कांटे हैं खराब हम लोग भी मंडी के कांटों पर निशुल्क तौल कराने को तैयार है। लेकिन ज्यादातर समय मंडी के कांटे खराब रहते हैं। विपिन चौहान, कुनैठा ज्यादातर समय मंडी के कांटे खराब ही रहते हैं। इसलिए हम लोग बाहर तौल कराते हैं। वहां के कांटो पर भी भरोसा नहीं है। कभी ज्यादा तो कभी कम तौल देते हैं। जसवीर, सहसपुर मंडी के कांटे पूरी तरह से ठीक है। कुछ लोगों ने किसानों में भ्रम पैदा कर दिया है। इसको लेकर किसान मंडी के कांटों पर निशुल्क तौल कराने के बजाए बाहर रुपये देकर तौल करना पसंद करते हैं। हम लोग खुद किसानों को सरकारी कांटों पर तौल कराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। अरुण यादव, सचिव मंडी समिति

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# एटा के विछिया की हनक दूर-दूर तक- पंकज कुमार एडवोकेट

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा के निधौली कला कस्बे में अमृत महोत्सव ,एस्ट्रो ब्यूटी थेरेपी, पंचायत विकास संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम में संकुचित कुटीर उद्योग कांसे का विछिया पर चर्चा शुरू हुई इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूरन सिंह विछिया बाले ने की ,और मुख्य अतिथि के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के उत्तर प्रदेश बौद्धिक संपदा प्रमुख और आदरी卐 के संरक्षक व पंचायत विकास संस्थान उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पंकज कुमार उपाध्याय एडवोकेट हाई कोर्ट ,विशिष्ट नगर चेयरमैन देवलाल लोधी



तथा विशिष्ट अतिथि शिक्षक पप्पू खान रहे ।कार्यक्रम का संचालन नगर के युवा देवेंद्र कुमार लोधी एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर शिक्षक जावेद उज्जमा खां उर्फ पप्पू ने कहा कि निधौली कला का विछिया कुटीर उद्योग मुट्ठी भर सिमट कर रह गया है ।इस को विकसित करने के लिए सरकार के प्रतिनिधियों को आगे आना चाहिए। योजनाओं में सेल्फ हेल्प ग्रुप वर्तमान सरकार में धीरे-धीरे अपना स्थान बनाते जा रहे हैं, तो जलेसर की घुंघरू और निधौली कला का卐कांसे का विछिया卐 भी निश्चित ही आने वाले समय में देश भर में अपनी जगह बनाएगा। वर्तमान में भी निधौली कला काकांसे का बिछिया भारत के चार पांच राज्यों में जाकर विकता हुआ दिखता है। यह कांसे का विछिया महिलाओं के लिए सौभाग्य का काम करता है। तो इसे हम सौभाग्य उद्योग कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। मैं एस्ट्रो ब्यूटी थेरेपी की निदेशक श्रीमती किरन को इस बात के लिए बधाई देता हूं कि वह महिलाओं के लिए सोलह शृंगार हो या सौभाग्य कांसे का बिछुआ यह महिलाओं के लिए वरदान है। अंत में उन्होंने कहा कि निधौली कला के कांसे के विछिया कुटीर उद्योग को विकसित करने के लिए हम जिला प्रशासन से लेकर उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार को भी लिखित रूप से यथा स्थिति से अवगत कराते हुए जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से और बैंकों के सहयोग से इस उद्योग को विकसित करने की पहल करेंगे।और जो लोग लंबे समय से इस उद्योग में लगे हुए हैं उनको प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव सहयोग करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित योगेंद्र सिंह नावेद खान ,तसलीम ,महाराज सिंह, जावेद उज्जमा खा, फुरकान, देवेंद्र कुमार लोधी, लोकपाल सिंह, अमर सिंह, कैलाश चंद्र, श्याम सिंह, राधेश्याम, पीताम्बर सिंह, सुरेश चंद्र, वेदप्रकाश आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षामित्र ने एडवांस में किए विद्यालय रजिस्टर पर हस्ताक्षर, हुई कार्रवाइ

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- ब्लॉक सकीट क्षेत्र के गांव थरौली स्थित कंपोजिट विद्यालय में तैनात एक शिक्षामित्र ने उपस्थिति रजिस्टर पर एडवांस में ही 25 जुलाई के हस्ताक्षर कर दिए। इसकी जानकारी होने पर बीएसए ने रजिस्टर को तलब कर लिया और संबंधित शिक्षामित्र के खिलाफ कार्रवाई कर एक माह का मानदेय रोका गया है। कंपोजिट विद्यालय थरौली में कार्यरत शिक्षामित्र ममता देवी द्वारा उपस्थिति रजिस्टर पर सोमवार के कॉलम में एडवांस हस्ताक्षर कर दिए गए। रजिस्टर पर अग्रिम हस्ताक्षर होने की जानकारी होने पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने रजिस्टर को तलब कर लिया। बीएसए ने शिक्षामित्र से रजिस्टर पर एडवांस में हस्ताक्षर करने का कारण पूछा तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा सका। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि कंपोजिट विद्यालय में तैनात शिक्षामित्र ममता देवी द्वारा रजिस्टर पर एडवांस में 25 जुलाई के कॉलम में गलत तरीके से हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसमें सुबह 7-30 बजे का समय डाला गया है। शिक्षामित्र के खिलाफ कार्रवाई कर एक माह का मानदेय रोका गया है। अन्य विद्यालयों का भी औचक निरीक्षण भी कराया जाएगा

WWW.KNSLLIVE.COM

## अवैध रूप से वाहनों का कटान व सप्लाई करने वाले गिरोह के चार शातिर अभियुक्त गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सोमवार को थाना जलेसर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से वाहनों का कटान व सप्लाई करने वाले गिरोह के चार शातिर अभियुक्तों को पिलखुन बंबा की पुलिया के पास से एक चेसिस बस जिसमें पांच टायर लगे हैं, ट्रक का केबिन, गैस कटर, गैस सिलेंडर, सीट बस, टायर तथा भारी मात्रा में कलपुर्जों सहित गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के संबंध में थाना जलेसर पर मु0अ0स0 263/2022 धारा 41/102 सीआरपीसी व 411/414/420 भादवि बनाम गिरफ्तार शुदा अभियुक्तों सहित 12 अभियुक्तों के विरुद्ध पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

## 6 माह के मासूम बच्चे को चिकित्सक ने लगाई एक्सपायरी डेट की वैक्सीन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-भूपेंद्र गुप्ता फाइनेंसर के मासूम 6 वर्षीय बच्चे को शहर के चर्चित चिकित्सक डॉ राजीव सक्सेना ने एक्सपायरी डेट का टीका लगा दिया बच्चे के परिजनों ने परिजनों जैसे ही एक्सपायरी डेट देसी वैसे ही उनके होश उड़ गए और बच्चे को भविष्य को लेकर उन्हें चिंता सताने लगी जब उन्होंने चिकित्सक से यह बात कही तो चिकित्सा गोल मोल चालू बातें करने लगे। मासूम बच्चे को एक्सपायरी डेट का टीका लगाए जाने से भूपेंद्र गुप्ता फाइनेंसर के परिजनों, रिश्तेदारों तथा शुभचिंतकों ने चिकित्सक डॉक्टर राजीव सक्सेना की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगाना शुरु कर दिया है।

# बच्चे की तलाश में अलीगढ़ पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अलीगढ़ से 25जुलाई को एक महिला पड़ोस के ही पांच वर्षीय बच्चे को अपने साथ लेकर चली गई। पुलिस महिला की तलाश कर रही है। इसी के चलते अलीगढ़ पुलिस एटा बस स्टैंड पर पहुंची। जहां सीसीटीवी कैमरे पुलिस ने खंगाले।

पुलिस द्वारा जीटी रोड पर लगे दो अन्य स्थानों सहित कासगंज बाईपास पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की गई। अलीगढ़ कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने रोडवेज बस स्टैंड पर बताया अलीगढ़ के मोहल्ला भुजपुरा निवासी मशकूर के पांच वर्षीय बेटे अयान को किराए पर रह रही महिला वंदना अपने साथ 21 जुलाई को ले गई। महिला ने पहले बाजार से सब्जी खरीदी इसके बाद बस से वह सिकंदराराऊ पहुंची। उन्होंने बताया उसके पास रुपये नहीं थे। ऐसे में महिला को रोडवेज बस के परिचालक ने सिकंदराराऊ उतार दिया। वहां से वह रेलवे क्रासिंग पर पहुंची। यहां तक की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। उन्होंने बताया यहां चार स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। कहा कि महिला बुर्का पहने हुए है।

# मौत के कुएं में हादसा, स्टंट ब्वाय की बाइकें आपस में टकराईं, उन पर कार भी गिरी



मुरादाबाद-अमरोहा- मौत के कुएं के खेल में बड़ा हादसा हो गया। लेकिन, गनीमत रही कि किसी की जान पर नहीं बनी। हादसे में स्टंट करने वाले दो कलाकार घायल हुए हैं। यह हादसा उत्तर प्रदेश के जनपद अमरोहा में हुआ है। अमरोहा के झारी क्षेत्र में चल रहे उर्स मेले में मौत के कुएं का खेल भी हो रहा है। मौत के कुएं में बाइक तथा कार चलाकर करतब दिखाते हुए स्टंट वालों की दो बाइक आपस में टकरा गई। जिसमें बाइक सवार नीचे गिर गए। इसी बीच उनके ऊपर कार गिर गई। जिसमें दो युवक जख्मी हुए हैं।

### सालाना उर्स में कैसे हुआ हादसा

सैदननगली थाना क्षेत्र के कस्बा झारी में शेख दाऊद रहमतुल्ला अलैह की दरगाह पर सालाना उर्स चल रहा है। जिसमें पिछले कई दिन से मेला लगा हुआ है। मेले में खेल तमाशों के साथ ही मौत का कुआं भी लगा हुआ है। रविवार रात करीब 11 बजे मौत के कुएं में करतब दिखा रहे स्टंट वालों की बाइक आपस में टकरा गई। टक्कर होने से दोनों बाइक सवार गिर गए और उनके ऊपर कार गिर गई। हादसे के बाद मेले में अफरा तफरी मच गई। आनन फानन में घायलों को कुएं से निकाल कर निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। हादसे में मुजफ्फरनगर जनपद के गांव सिखेड़ा निवासी फरमान तथा जनपद सम्भल के सैफता सराय निवासी आजम जख्मी हुए हैं

### हादसे के बाद मौत का कुआं बंद

हादसे के बाद मौत के कुए को बंद कर दिया गया है। घायलों में फरमान की हालत नाजुक बताई जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि मौत के कुए में दो युवकों के घायल होने की मौखिक सूचना मिली है।

### एक स्टंट ब्वाय की हालत गंभीर

इस संबंध में कोई तहरीर पुलिस को प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर जरूरी कार्रवाई की जाएगी। हादसे दो युवक घायल हुए हैं। दोनों बाइक स्टंटबाज हैं। उनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

# कुन्दरकी में एनसीसी की छात्राओं ने कांवड़ियों को कराया जलपान



मुरादाबाद-किसान पब्लिक इंटर कॉलेज के 23 वीं वाहिनी एनसीसी छात्र-छात्राओं ने हाईवे पर कांवड़ लेकर आ रहे श्रद्धालुओं को ठंडे पानी की बोतलें एवं फल भेंट किए। इस अवसर पर प्रशासक आरिफ पाशा, उप प्रधानाचार्य सरफराज अली, एनसीसी एएनओ विनीत कुमार, छात्र केशव कुमार, कमरुज्जमा, मो. ओवैस, मोहसिन, मो. अब्बास, करीम जिलानी, गुलरेज पाशा, मोहम्मद हुसैन, रोहित कुमार, आदर्श कुमार, यश चौधरी, ज्योति, शिवानी समेत एनसीसी कैडेट मौजूद रहे। आरिफ पाशा ने कहा शिव भक्तों को पानी की बोतलें भेंटकर उनका उत्साहवर्धन किया। सभी धर्म समानता एकता और मानवता का संदेश देते हैं।

# कुन्दरकी में शिक्षामित्रों ने मनाया काला दिवस



मुरादाबाद-शिक्षामित्रों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। वक्ताओं ने कहा 25 जुलाई 2017 को शिक्षामित्रों का समायोजन रद कर हजारों शिक्षामित्रों को अंधेरे में धकेल दिया। पांच वर्ष बाद भी सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा सकी है। इसका खामियाजा प्रदेश के शिक्षामित्र भुगत रहे हैं। प्राइमरी स्कूल जैतपुर पट्टी समेत प्रदेश के शिक्षामित्रों ने काला दिवस मनाया। शिक्षामित्रों ने सरकार से मांग उठाई कि जल्द सरकार कोई उचित कदम उठाकर शिक्षामित्रों को न्याय प्रदान करें। सहायक शिक्षक की पूर्ण योग्यता और 22 साल के शिक्षण अनुभव के बाद भी शिक्षामित्रों को अल्प मानदेय 10 हजार रुपये पर काम करने को मजबूर किया जा रहा है। काला दिवस मनाने वालों में नीतू शर्मा, जर्रार अली, तबस्सुम नाज़, भीम राव अम्बेडकर, फहीम अहमद, तबस्सुम फात्मा, जगपाल आदि शामिल रहे

# ठाकुरद्वारा में ठप रहा बसों और भारी वाहनों का आवागमन,भटके यात्री



मुरादाबाद-सावन के दूसरे सोमवार को सभी मार्गों पर बस व भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह ठप रहा। भारी पुलिस बल वाहनों को रोकने में जुटा रहा। टैंपो और ई रिक्शा चालकों ने यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठा कर दो से तीन गुना तक पैसा वसूला। इसके बाद भी आते हो काफी दूरी पैदल चल कर वाहन पकड़ने पड़े। हाईवे पर दिनभर अफरा-तफरी का माहौल रहा। पिछले तीन दिनों से काशीपुर मुरादाबाद हाईवे को छोड़कर सुरजन नगर, डिलारी,जसपुर आदि मार्गो पर बसों का संचालन ठप रहा। रविवार से काशीपुर मुरादाबाद हाईवे पर भी बसों का संचालन रोक दिया गया था। सोमवार को भी सभी मार्गों पर यात्री बस और भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहा। पुलिस ने जगह-जगह बैरियर स्थापित कर भारी वाहनों को रोका। काशीपुर ठाकुरद्वारा मार्ग पर चलने वाली प्राइवेट बसों की यूनियन ने भी पुलिस प्रशासन को पूरा सहयोग कर बसों का संचालन नहीं किया। ई रिक्शा, टैंपो चालकों ने यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाते हुए यात्रियों से दो से तीन गुना किराया वसूला। ठाकुरद्वारा से काशीपुर तक की 10 किलोमीटर की दूरी की यात्रा करने के लिए यात्रियों को 40 रुपये और डेढ़ घंटे का समय देना पड़ा। इस दौरान हाईवे पर अफरातफरी का माहौल रहा।

### महिलाओं को उठानी पड़ी परेशानी

ठाकुरद्वारा। बसों का संचालन ठप रहने से सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को उठानी पड़ी। टैंपो चालकों ने कई गुना किराया वसूला। मजबूरी में 10 किलोमीटर का सफर पैदल ही तय करना पड़ा। पुरुष यात्री तो किसी तरह लिफ्ट मांग कर भी काम चलाते रहें लेकिन महिलाओं के लिए सोमवार को लागू व्यवस्था काफी दुखद रही।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए०एच०प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Fight hunger

For those concerned about the famine and food crisis in the world, it is nothing less than good news that food supply from Ukraine has become a reality. Especially the United Nations was trying for this for the last three months. Turkey is also being told a big contribution in persuading Russia. Actually, Turkey is also going through a big food crisis these days. The crisis that emerged after the Russo-Ukraine war was going to put the whole world in great trouble.

Russia and Ukraine on Friday signed an agreement to free more than 20 million tonnes of Ukrainian grain stuck at ports. This will not only allow food grains to reach the needy countries, but will also reduce the rising food prices across the world. News of the deal was immediately followed by a reaction from global grain markets. On Friday itself, the futures price of wheat fell by more than five percent. Due to fall in the price of food grains, inflation in the world will be controlled to an extent.


"It is worth noting that Ukraine is a basket of bread for the world. It is a major exporter of wheat, barley, maize and sunflower. Exports almost came to a standstill after the start of the war. Russia is also another big exporter of food grains, it also started facing difficulties in exporting food grains. The special thing is that Russia and Ukraine together supply 29 percent of the grain to the world. The one-time reduction of 29 percent in the global grain market is significant. As a result, food prices in the world market rose sharply, for example, the price of wheat in May was almost 50 percent higher than in February. Somehow the prices have moderated here, but there is a shortage of grain stocks. Therefore, it was necessary to persuade Russia in particular to normalize the supply. Western countries were alleging that Russia was intimidating the world by stopping the food supply.

Russia must also note that if there is a severe shortage of food grains, it will reduce its popularity rapidly. The anger of the common people will explode on Russia, so Russia has agreed and has shown a cleverness. All the countries of the world should keep in mind that eradicating hunger is the collective responsibility of everyone.

If someone is starving somewhere, it is a shame for the developed countries as well. Keep in mind, the United Nations had warned of possible famine and political unrest. The International Rescue Committee's emergency director for East Africa, Shashwat Saraf, said the lifting of these barriers would immediately help more than 18 million people in East Africa fight hunger. Three million people in the region were already facing dire hunger conditions. According to the IPC, millions of people are on the verge of famine in more than 34 countries of the world. The year 2022 is already declared like a famine year and the next year is also likely to get worse. It is a matter of concern for the entire civilized human society that even in the 21st century, people are craving for two-time bread. War is snatching away the benefits we got from science. The countries which are directly or indirectly instigating the war, they should think again that what is more important for the world today.

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## Pooja Banerjee came out wearing such a dress on the road, seeing 'Devon Ke Dev Mahadev Ki Parvati', the fans furious said - Didn't expect such a thing from you



TV's famous religious show 'Devon Ke Dev Mahadev' has been the favorite serial of the audience. Not only this show but every artist of it was also very much liked among the audience. Whether it is Mohit Raina, who won everyone's heart in the role of Mahaveda or Pooja Banerjee, who made her mark in every household with the role of Parvati. This show has given a special identity to everyone. Are quite bold in real life-"On the other hand, if we talk about Pooja, then she may have played a simple role in the show but in real life she is completely different. Pooja is quite bold in real life. She often blows the senses of the fans through her hot and bold pictures. Fans also like this hot look and bold look of Pooja. But many times the actress also comes under the target of trolls due to her bold avatar. The latest hot look of Pooja is once again in the news. This form of her is again surprising her fans. The off-shoulder look surprised the fans again - Parvati i.e. Pooja Banerjee has shared her latest video on Instagram account. In this video, this hot look of Pooja is seen to surprise everyone. You can see that Pooja is seen walking on the road in an off shoulder colorful dress. Looking at the video, it seems that it is from one of his vacations. During this, Pooja's hair is open and her light makeup is making her look even more beautiful. Pooja has once again set the internet on fire with her look. This video of Pooja is becoming increasingly viral on social media. Let us tell you that the comments of fans are coming continuously on this video of Pooja. While many are liking this look of her, many are trolling her.

## After Ranveer Singh, now Jennifer Lopez got a nude photoshoot done, everyone was shocked to see the pictures

Nude photoshoot of Bollywood actor Ranveer Singh is making a lot of headlines these days. While the fans were seen praising his bold style, the trolls made memes fiercely on him. The storm raised by the nude pictures of Ranveer Singh was not over yet that now nude pictures of another actress have come on social media. Singer-actress Jennifer Lopez has gifted her fans with nude pictures on her birthday. After Ranveer Singh, Jennifer is now 'nude' - Hollywood superstar Jennifer Lopez celebrated her 53rd birthday on Sunday and on this day she shared her completely nude on Instagram. Shared photos. Jennifer has put her nude photos in the thumbnail of her Insta story and a video. However, when you click on the video, you can see him making love to himself in a black monokini. This time the comment box is full of praise, not trolls - Fans have heaped praises on the pictures of Jennifer Lopez as compared to the photos of Ranveer Singh and Only a few users have trolled him. A user commented on this video, 'Perfection'. Another user wrote, 'Are you really 53?' One person wrote - You look like this at 53. Why has Jennifer Lopez done a nude photoshoot? - Please tell that JLO Care is Jennifer Lopez's skincare brand and she put this video to promote her brand and its product . Significantly, this video of Jennifer Lopez has come a few days after the pictures of Ranveer Singh. Ranveer Singh did a nude photoshoot for Paper magazine, whose pictures created a stir on the internet.



# वीरांगना फूलन देवी का शहादत दिवस संगठन के संयोजक

## जेके बाथम के निवासी स्थान हाथी खाना फतेहगढ़ में मनाया

हारुन बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद - फर्रुखाबाद फतेहगढ़ दिनांक 25/7/2022/को उत्तर प्रदेश एकता मंच के तत्वाधान में वीरांगना फूलन देवी का शहादत दिवस संगठन के संयोजक जेके बाथम के निवासी स्थान हाथी खाना फतेहगढ़ में मनाया गया इस मौके पर समाज के लोगों ने फूलन देवी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि वही समाज के सभी लोगों ने फूलन देवी जी के जीवन पर प्रकाश डाला जिसमें अमरनाथ कश्यप ने फूलन देवी के विषय में बताया शिवा बाथम ने में अपने विचार वितरित किए रामकुमार कश्यप ने फूलन देवी के जीवन पर प्रकाश जेके बाथम ने कहा कि फर्रुखाबाद जनपद में फूलन देवी की रिहाई में जो अगली भूमिका निभाई थी जिसमें रिहाई आंदोलन के लिए ग्वालियर जा रहे हैं मार्ग दुर्घटना में 16 जुलाई 1993 को भिंड में श्री रंगीले लाल एवं पप्पू कश्यप की मृत्यु हो गई थी उसी का परिणाम था कि फूलन देवी को ग्वालियर सेंट्रल जेल से रिहा किया गया जेल से रिहा होने के बाद फूलन देवी ने 11 फरवरी 1994 में प्रथम बार आगमन किया था जिसने उन्होंने शहीद परिवार वालों से मिलकर उनका आभार व्यतीत किया थाइस मौके पर समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इसमें गौतम कुमार कश्यप गौरव कश्यप रामकुमार कश्यप शमशाबाद बाद इंद्रपाल कश्यप जी जंगली लाल बाथम अरविंद कश्यप मुकेश कश्यप डॉक्टर अतुल बाथम प्रदीप कुमार पाल राजेश्वर सिंह इंद्रपाल कश्यप पप्पू कश्यप श्रीनिवास बाथम उर्फ लल्ला अनीता कश्यप सुखरानी कश्यप शिवानी बाथम आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे



# 03 गैंगस्टर गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्रवाई के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री केशव चंद गोस्वामी व क्षेत्राधिकारी नगर भिनगा श्री अतुल कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक श्री हर्षवर्धन सिंह थाना मल्हीपुर मय हमराह टीम क्षेत्र में भ्रमणशील थे कि थाना मल्हीपुर पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या मुकदमा अपराध संख्या 313/2022 धारा 3( 1 ) उ0प्र0 गिरोह बन्द एंव समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 से संबंधित अभियुक्त 1.अब्दुल हकीम पुत्र सहरे नि0 महुली बनकटवा थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को मुखबिर की सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार किया गया व मुकदमा अपराध संख्या मुकदमा अपराध संख्या 318/2022 धारा 3( 1 ) उ0प्र0 गिरोह बन्द एंव समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1.दिलबहार पुत्र शाह आलम निवासी राजापुर पुरैना थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती व 2.नेहरूद्दीन उर्फ कलूटे पुत्र आबिद खाँ निवासी राजापुर पुरैना थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को मुखबिर की सूचना पर ग्राम राजापुर पुराना से गिरफ्तार किया गया ।



# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला जज

## तरुण सक्सेना के निर्देशन में 13 अगस्त को

पवन कुमार
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जालौन- राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 13 अगस्त 2022 को प्रातःकाल 10ः00 बजे से जनपद की समस्त दीवानी न्यायालयों में कोविड-19 प्रोटोकॉल के अन्तर्गत किया जायेगा। माननीय जिला जज तरूण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में इस राष्ट्रीय लोकअदालत में दीवानी, राजस्व, मोटर वाहन दुर्घटना और पारिवारिक, वैवाहिक/दाम्पत्य विवाद से संबंधित वादों/मुकदमा, लघु एवं शमनीय आपराधिक वाद और धारा 138 एन0आई0एक्ट के अन्तर्गत चैक बाउन्स के मामले नियत किये जायेंगे। इनका निस्तारण परस्पर सुलह-समझौते अथवा जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर किया जायेगा। प्री-लिटिगेशन स्कीम के अन्तर्गत मोबाइल/टेलीफोन के बकाया बिल और विभिन्न बैंकों के ऐसे बकायेदारों के मामले भी नियत किये जायेंगे, जिन्होंने कई वर्षो के बाद भी बकाया बिल या बैंक ऋण जमा नहीं किया है। ऐसे बकायेदारों को इस अवसर का लाभ अवश्य उठाना चाहिए और इस राष्ट्रीय लोकअदालत में उपस्थित होना चाहिए, जिसका आयोजन सभी के हितों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। समस्त वादकारियों से अपील की जाती है कि लम्बित दीवानी, राजस्व, मोटर वाहन दुर्घटना और पारिवारिक, वैवाहिक/दाम्पत्य विवाद से संबंधित वादों/मुकदमों में सुलह-समझौता करने के इच्छुक व्यक्ति/संबंधित पक्ष समय पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठायें। इसमें किसी प्रकार की समस्या होने पर वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।





*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# 30 शीशी अवैध नेपाली शराब के साथ

## 01 अभियुक्त गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर भिनगा अतुल कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व में थाना प्रभारी प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह, थाना मल्हीपुर मय हमराह द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त विरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा पुत्र जगधर विश्वकर्मा निवासी बेलसवां दा0 परसाडेहरिया थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को 30 शीशी अवैध नेपाली शराब के साथ वन विभाग चौकी के पास से गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 327/2022 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया।



# मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रतिभावान

## छात्रों को सम्मानित कर छात्रवृत्ति प्रदान करना

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रत्येक राज्य के प्रतिभावान छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा हळ्ळस्थ वर्ष 2022 में जनपद श्रावस्ती के 13 छात्रों का चयन हुआ है । जिसमें से कंपोजिट विद्यालय जमुनहा विकासखंड जमुनहा के 8 छात्रों का चयन हुआ है । वही शिक्षक आलोक कुमार गुप्ता ने सभी बच्चे को मार्गदर्शन कराते हुए सफलता अर्जित करवाने हेतु जनपद का गौरव बढ़ाने में योगदान रहा। शाहिस्ता परवीन व वैष्णवी पटवा ने जनपद में क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार उक्त परीक्षा में चमन कुमार तिवारी, छाया मोदनवाल , अमन कुमार तिवारी, कुलदीप पाठक, हरीश कुमार व सूरज कुमार का भी चयन हुआ है । परीक्षा में सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त है। ज्ञायातव्य हो कि उक्त परीक्षा में चयनित छात्रों को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में अध्ययन करने पर प्रतिमाह भारत सरकार द्वारा ?1000 की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। यह योजना गरीब प्रतिभाशाली छात्रों के आगे पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने और ड्रॉपआउट रोकने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर संचालित है। प्रधानाचार्य अमरनाथ सिंह, आलोक गुप्ता, वीरेंद्र मौर्या, विनोद शर्मा, राधा देवी, रफतजहां आदि उपस्थितबच्चो को प्रोत्साहित किया गया ।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# अच्छी बारिश की आस: सूरजपुर में ग्रामीणों ने करवाई मेंढक-मेंढकी की शादी, धूमधाम से निकाली बारात और किया डांस



छत्तीसगढ़ के दक्षिण व मध्य हिस्से में झमाझम बारिश हो रही है, लेकिन उत्तरी क्षेत्र सरगुजा संभाग में अभी तक सबसे कम बारिश हुई है। पिछले 35 वर्षों की अपेक्षा यहां सबसे कम बारिश हुई है। अच्छी बारिश नहीं होने से खेती किसानी भी पिछड़ गई है। रुठे मॉनसून को मनाने ग्रामीण तरह-तरह के जतन कर रहे हैं। सावन में भगवान शंकर को मनाने पूजा-पाठ का दौर भी चल रहा है। सूरजपुर जिले में बारिश के लिए ग्रामीणों ने मेंढक-मेंढकी की शादी कराई। मेंढक-मेढकी को हल्दी लगाया, बारात निकाली गई और फिर मंत्रोच्चारण के साथ उनकी शादी कराई गई। विवाह में सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। सूरजपुर जिले के प्रतापपुर क्षेत्र में ग्राम पंचायत गोविंदपुर के दूल्हा मेंढक और ग्राम पंचायत धुमाडांड के दर्रीपारा की दुल्हन मेंढकी की ब्याह कराया गया। दोनों की पूरे रीति रिवाज और मंत्रोच्चार के साथ शादी कराई गई। दुल्हन मेंढकी और दूल्हा मेंढक दोनों की तरफ से बाराती और घराती आए। मेंढक और मेंढकी को हल्दी-चंदन लगाया गया। बारात निकाली गई और फिर इसके बाद दोनों की धूमधाम से शादी कराई गई। गाजे-बाजे की धुन पर बारातियों ने खूब डांस भी किया। ग्रामीण इसे पुरानी मान्यता बताते हुए कहते हैं कि इस तरह शादी करने से बारिश होने लगती है। हालांकि, ग्रामीणों की इन बातों का कोई वैज्ञानिक आधार तो नहीं है, बावजूद इसके बड़ी संख्या में लोग ऐसी मान्यताएं और परंपराएं को मानते हैं और इसमें शामिल भी होते हैं।

### मेंढक-मेंढकी के मिलन से होती है बारिश

ग्रामीण कहते हैं कि मेंढक और मेंढकी का कनेक्शन मौसम से होता है। मॉनसून के दौरान मेंढक बाहर निकलता है और टरटराकर मेंढकी को आकर्षित करता है। मेंढक-मेंढकी की शादी एक प्रतीक के तौर पर कराई जाती है, जिससे दोनों के मिलन से बारिश आ जाए। ग्रामीणों का कहना है कि सहती प्रतापपुर के आसपास के इलाकों में अभी भी झमाझम बारिश नहीं हुई है, जिसकी वजह से सूखे जैसी स्थिति है। अच्छी बारिश की उम्मीद में मेंढक-मेंढकी की शादी करवाई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पुरानी मान्यता है। इस तरह की शादी करने या इंद्रदेवता की पूजा-पाठ करने से बारिश होने लगती है।


# निवेश मित्र पोर्टल पर कोई भी प्रकरण लंबित न रखा जाए- जिलाधिकारी




तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी ने उद्यमियों की संस्थाओं को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण समयान्तर्गत किया जाए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि निवेश मित्र पोर्टल से संबंधित प्रकरणों के लंबित आवेदनों का शीघ्र नियमानुसार निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। जिलाधिकारी आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री जग प्रवेश, बीडीए सचिव श्रीउ जोगेन्द्र कुमार, सचिव जिला व्यापार बंधु/उपायुक्त (प्रशासन) राज्यकर श्री गौरी शंकर, उपायुक्त उद्योग श्री ऋषि रंजन गोयल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री नारायण सिंह, उद्यमी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी को उद्यमियों ने अवगत कराया कि परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण, जल भराव एवं रोड नम्बर 12 व 13 की सड़क बनाने की समस्या है। जिलाधिकारी ने नगर निगम को निर्देश दिए कि सड़कों का शीघ्र प्रारम्भ कराया जाए। जिलाधिकारी को नगर पंचायत रिछा जहानाबाद ने अवगत कराया कि रिछा जहानाबाद रोड के दोनों साइडों पर इंटरलॉकिंग होने के लिए 15वें वित्त एवं की स्वीकृति के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष निर्माण कार्य हेतु पत्रावली प्रस्तुत की गई है। जिलाधिकारी ने नगर पंचायत रिछा को निर्देश दिए कि अपर जिलाधिकारी प्रशासन से पत्राचार किया जाए। जिलाधिकारी को उद्यमियों ने अवगत कराया कि फरीदपुर से टिसुआ तक विद्युत लाइन जर्जर है। अधिशासी अभियन्ता ने बताया कि टीम द्वारा विद्युत लाइनों को सही कराया जा रहा है, जो तार खराब हैं उनको भी बदला जा रहा है।

# बढ़ते अपराध पर भाजपा ने बघेल सरकार को घेरा, कहा- योगी के डर से भागे बदमाश आ रहे हैं छत्तीसगढ़



छत्तीसगढ़ में कानून-व्यवस्था को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भूपेश बघेल सरकार को घेरा है। सोमवार को विधानसभा में भाजपा ने इस मुद्दे को जोरशोर से उठाते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था लचर हो चुकी है और रकार बाकि राज्यों के अपराधियों को शरण दे रही है। विधान सभा में शून्यकाल के दौरान भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल, शिवरत्न शर्मा, और अजय चंद्राकर ने कहा कि राज्य में रेप, हत्या, लूट और ब्लैकमेलिंग की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। विपक्षी दल के नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि हत्या के मामले में छत्तीसगढ़ पूरे देश में चौथे स्थान पर है। भाजपा नेता शिवरत्न शर्मा ने कहा कि जो राज्य शांति के लिए जाना जाता था वह आज अपराध के लिए जाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिन दहाड़े मूक और बधिर व्यक्ति की एक नाबालिग लड़की ने बीते रविवार को हत्या कर दी।

### विपक्ष का पलटवार

विपक्षी दल के नेता धरमलाल कौशिक ने कहा कि कानून व्यवस्था को लेकर पुनरीक्षण बैठक सरकार का बस एक दिखावा है क्योंकि राज्य में अब अपराधियों को पुलिस और कानून का कोई डर नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश के अपराधी योगी आदित्यनाथ से डर कर छत्तीसगढ़ भाग आ रहे हैं। भाजपा नेता ने आगे दावा किया कि राज्य में कोयला, लोहा और डीजल चोरी करने वाले अपराधियों का गिरोह है। उन्होंने इस विषय पर आगे चर्चा की मांग भी की जिसे सदन के आसन में बैठे वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू ने खारिज कर दी।

### सरकारी कर्मचारियों की मांग

विपक्षी दल के नारेबाजी के कारण सभा को पांच मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया। सभा शुरू होने के बाद भाजपा नेताओं ने सरकारी कर्मचारियों का मुद्दा उठाया जो पिछले पांच दिनों से महंगाई भत्ता और मकान किराया भत्ता में बढ़ोतरी के लिए हड़ताल पर हैं। विपक्ष ने सरकार से सरकारी कर्मचारियों के हड़ताल के मुद्दे पर चर्चा की मांग की जिसे वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू ने खारिज कर दिया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## 13 साल की बेटी से पिता ने किया दुष्कर्म, पुलिस हेल्पलाइन में फोन कर मासूम ने मांगी मदद, आरोपी गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ के गौरैला-पेंड्रा-मरवाही जिले में एक शर्मशार करने वाली घटना सामने आई है। नराधम पिता ने बाप-बेटी के रिश्तों को कलंकित कर दिया। पिता अपनी ही 13 साल की बेटी से एक माह से दुष्कर्म कर रहा था। आरोपी बच्ची को स्कूल भी नहीं जाने देता था। विरोध करने पर उससे बेरहमी से मारपीट भी करता था। प्रताड़ना से तंग आकर नाबालिग ने सारी बात अपने दादा को बताई, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा है। उसके खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामला गौरेला थाना क्षेत्र का है। एएसपी अर्चना झा ने बताया कि गौरेला थाना क्षेत्र अंतर्गत पिता द्वारा बच्ची से दुष्कर्म की घटना सामने आई है। 13 साल की बच्ची की मां की मौत हो चुकी है। बच्ची को उसका पिता और दादा 5 साल की उम्र से पाल रहे हैं। 2 दिन पहले बच्ची घर पर अकेली थी। लड़की का दादा किसी काम से बाहर गया था, तब पिता ने बच्ची के साथ फिर दुष्कर्म किया। बच्ची का दादा जब घर लौटा तो उसने सारी बात बताई। इसके बाद पुलिस के हेल्पलाइन नंबर डायल-112 पर फोन कर सूचना दी गई। नाबालिग की बात सुनकर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने लड़की के दादा का बयान लिया।

### शराब पीने का आदी है आरोपी पिता

मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी पिता शराब पीने का आदी है। वह नशे की हालत में हमेशा घर आता और नाबालिग से मारपीट करता। लड़की को स्कूल में भर्ती कराने को लेकर आरोपी का अपने पिता से भी कई बार विवाद भी हो चुका है। पुलिस ने बताया कि बच्ची से पूछताछ में यह बात सामने आई है कि आरोपी एक माह से उसका रेप कर रहा था। बच्ची का मेडिकल कराया गया है। इसके बाद उसे काउंसिलिंग के लिए भेजा जाएगा। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है। आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म के साथ ही पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।